an>

Title: Need for investigation into alleged scam by some Multi-level Marketing Schemes in the country.

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : अध्यक्ष महोदया, क्यूनेट स्कैम, गोल्ड क्वैस्ट, क्वैस्टनेट ऐसे अलग-अलग नाम से लगभग 12 लाख लोगों से धोखा करने वाली ये जो मल्टी लेवल मार्केटिंग एमएलएम पोंजी कम्पनी के प्रति मैं वित्त मंत्रालय का ध्यान आकर्Âिषत करना चाहता हूं। इस कम्पनी के खिलाफ हांगकांग, बैंगलुरू, मुम्बई, हैदराबाद, दिल्ली, इंदौर, नोएडा, गुड़गांव आदि अनेक जगहों पर पुलिस शिकायत हुई है, एफआईआर हुई है लेकिन पिछले चार-पांच साल से ये लोग अलग-अलग जगहों पर हजार करोड़ रुपए का घोटाला करने के बाद भी घूम रहे हैं।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय से आग्रह है कि इस संबंध में एक विशेÂष अधिकारी को यह जिम्मेदारी देकर इस विÂषय को लोजिकल एंड तक ले जाया जाए। लोगों के मन में शंका है कि पिछली सरकार के वित्त मंत्री परिवार के लोग इनका प्रोफेशनल रिप्रेजेंटेशन कर रहे थे, इस कारण कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मैं चाहता हूं कि सरकार इस संबंध में तुरंत कार्यवाही करे।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सी.पी. जोशी, श्री रोड़मल नागर, श्री सुधीर गुप्ता, श्री रवीन्द्र कुमार जेना, कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल और डॉ. किरिट पी. सोलंकी को डॉ. किरीट सोमैया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

12.18 hours

SUBMISSIONS BY MEMBERS